तेरे खाटू की मिटटी है जादू भरी

तेरे खाटू की मिटटी है जादू भरी
जो भी माथे लगाया गज़ब हो गया
जिसको मालूम ना था तू रहता कहाँ
उसको खाटू बुलाना ग़ज़ब हो गया
तेरे खाटू की मिटटी है ....

तेरी आँखों का जलवा जो सर पे चढ़ा
वो दीवाना तेरा श्याम होने लगा
तेरी नज़रें है गहरा समंदर बाबा
जो भी सीमे समाया ग़ज़ब हो गया
तेरे खाटू की मिटटी है ....

रेत खाटू की हर दर्द की है दवा
साड़ी दुनिया बानी आज इसकी गवाह
बैठे बैठे तू करता करिश्मा यहाँ
रोते चेहरे हंसाया गज़ब हो गया
तेरे खाटू की मिटटी है ....

स्वर्ग से काम नहीं है तेरा धाम रे
तेरी महिमा अजब और गज़ब सांवरे
सांवरे तूने कुंदन की ये ज़िन्दगी
खूबसूरत बनाया ग़ज़ब हो गया
तेरे खाटू की मिटटी है ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19165/title/tere-khatu-ki-mitti-hai-jaadu-bhari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |